# *VISION*

*Rebuilding the City and the Country as a whole in terms of knowledge in multiple disciplines of social sciences, economics, commerce, science and law, with the aid of best practices, qualified teachers, teaching and infrastructure under the academic leadership of the University of Allahabad, in a broad framework of National Policy on Higher Education and Indian ethos.*

# *MISSION*

*India is a country of vast population, diverse culture, multiple religion, varied languages and large territory. Multiplicity of approach in building a free, developed India has always been in the mind and soul of founders of Indian Republic.*

*Attaining to this dream and taking the Country to the height of an ever new pedestal, making available the higher education for those who are capable to inculcate knowledge but may not be socially positioned to achieve it. Equality of opportunity to all deserving young generation, male and female, may be offered with UG, PG, Research, Professional Courses and programmes aimed at vocational training.*

# PRINCIPAL'S MESSAGE



Dear Students

Welcome to the beautiful world of higher education after completion of your school life. Now the horizon of your studies will be more wider than limited classroom teaching. You have great opportunities to fly in the realm of knowledge and perceptions. You will have adventure of information and thinking from your syllabus to wider knowledge where you will have to think for your excellence, and read several books for even one topic. The College has experienced faculty members, with profound knowledge for interaction to transcend you from general understanding to the depth of philosophy of the subject.

We provide you a disciplined campus, with marvellous academic atmosphere, so you are able to get your unlimited potential explored with unique opportunity to build yourself.

Wish you all a successful life.

**Prof. Atul Kumar Singh**
**Principal**

# परिचय

भारत के दीर्घकालीन स्वतंत्रता संग्राम में अंग्रेजों की गुलामी की जंजीरों से मुक्त करने के सशक्त प्रयासों के साथ–साथ शैक्षिक उन्नयन, स्वतंत्रता आन्दोलन का एक महत्वपूर्ण मुद्दा रहा है। राष्ट्रनेताओं का यह दृढ़ मन्तव्य रहा है कि शैक्षिक पिछड़ापन सामाजार्थिक पिछड़ेपन का मूल है इसलिए समाज की रचनात्मक शक्तियों ने स्थान–स्थान पर शिक्षा के बहुविध प्रसार को भी अपना लक्ष्य बनाया। प्राचीनकाल से प्रयागराज शिक्षा और संस्कृति का उन्नायक रहा है तथा अब भी 'भारद्वाज प्रभाव' से ओतप्रोत है। अकादमिक लक्ष्य और नेतृत्व यहां के नैसर्गिक परिवेश में रचा–बसा है। इलाहाबाद डिग्री कालेज नगर का एक प्रतिष्ठा प्राप्त शिक्षण संस्थान है जो अपनी समर्पित क्रियाविधि और उच्चस्तरीय शिक्षण व्यवस्था के कारण दूर–दूर से विद्यार्थियों को आकृष्ट करता है। स्वतंत्रता संग्राम में प्रयागराज के एक बहादुर सिपाही स्व० श्री काशीनाथ जी अग्रवाल ने 1910 में 'अग्रवाल जातीय शिक्षा परिषद' गठित की, जिसके तत्वाधान में इलाहाबाद डिग्री कालेज की स्थापना 1956 में की गई। यह इलाहाबाद विश्वविद्यालय का एक संघटक स्नातकोत्तर महाविद्यालय है। इलाहाबाद डिग्री कालेज सदैव इलाहाबाद विश्वविद्यालय के मानकों के अनुरूप गुणवत्ता युक्त उच्च शिक्षा प्रदान करता रहा है। महाविद्यालय के प्रबंधतंत्र, शिक्षक वर्ग तथा शिक्षणेतर कर्मचारियों के समन्वित प्रयास से निर्मित अनुशासन, उच्च स्तरीय कार्य संस्कृति, सृजनशील क्रियात्मक विस्तार तथा वांछित श्रेष्ठ परिणामों से प्रभावित होकर इलाहाबाद विश्वविद्यालय ने कला संकाय के अतिरिक्त 1971 में वाणिज्य संकाय, 1972 में विधि संकाय तथा 1989 में विज्ञान संकाय में स्नातक कक्षाओं को संचालित करने की अनुमति प्रदान की। महाविद्यालय की पृष्ठभूमि, शैक्षिक वातावरण, कार्य संस्कृति तथा स्नातक स्तरीय शिक्षा के गुणात्मक प्रसार में उल्लेखनीय योगदान को स्वीकार करते हुए इलाहाबाद विश्वविद्यालय ने 1997 में वाणिज्य संकाय में स्नातकोत्तर कक्षायें (एम.काम.) प्रारम्भ करने की अनुमति प्रदान की। यह महाविद्यालय 14 जुलाई, 2005 से इलाहाबाद विश्वविद्यालय का संघटक महाविद्यालय है।

महाविद्यालय के चारों संकायों–कला, वाणिज्य, विज्ञान और विधि में स्नातक तथा परास्नातक पाठ्यक्रम पढ़ाया जा रहा है। प्रयागराज नगर में, इलाहाबाद डिग्री कालेज का विस्तार तीन सुविकसित, सुसज्जित परिसरों में है। महाविद्यालय का मुख्य परिसर ऐतिहासिक मिन्टो पार्क के सामने पवित्र यमुना के तट पर स्थित है। इस परिसर में छात्रों के लिए बी० ए०, बी० काम० की एवं छात्र–छात्राओं के लिए बी० एस–सी०, एम० एस–सी०, एम० ए०, एम० काम० की कक्षायें संचालित होती हैं । नगर के मध्य एस० सी० बसु रोड पर स्थित महाविद्यालय के परिसर में छात्राओं के लिए बी०ए०, एम०ए० तथा बी०काम० की कक्षायें संचालित की जाती हैं। महाविद्यालय का तीसरा परिसर बेनीगंज में स्थित है जहां, छात्र–छात्राओं के लिए एल एल०बी० एवं एल एल०एम० की कक्षायें संचालित होती हैं।

## महाविद्यालय का छात्रा शाखा परिसर : जीरोरोड



महाविद्यालय का जीरो रोड परिसर इस वृहद शिक्षण निकाय का प्रारम्भिक परिसर है। वस्तुतः 11/19, एस0 सी0 बसु रोड वह स्थान है जहां से "अग्रवाल जातीय शिक्षा परिषद" का संगठित और औपचारिक स्वरूप 1910 से आरम्भ हुआ। यहीं से इलाहाबाद प्राइमरी स्कूल और फिर 1936 से प्रधानतः वाणिज्य शिक्षा के लिए "इलाहाबाद इण्टर कालेज" की स्थापना हुई। इस परिसर में शिक्षा के ऊर्ध्व विकास के अगले सोपान में इलाहाबाद विश्वविद्यालय के "सहयुक्त महाविद्यालय" के रूप में "इलाहाबाद डिग्री कालेज" की 1956 में स्थापना हुई। नगर के मध्य में मुख्य स्थान पर स्थित होने के कारण पहुंच की दृष्टि से यह अत्यन्त अनुकूल जगह है। प्रभावी शिक्षण और पहुंच की सुविधा के कारण यह परिसर उच्च शिक्षा के लिए बड़ी संख्या में छात्र–छात्राओं को आकर्षित करता रहा है। विद्यार्थियों की संख्या बढ़ जाने पर सत्र 1969–70 से यह परिसर पूर्णतः छात्राओं की शिक्षा के लिए निर्धारित कर दिया गया। इस शिक्षण निकाय के संस्थापक "स्व0 श्री काशीनाथ अग्रवाल" बालिका शिक्षा के प्रबल पक्षधर थे। उस समय (20वीं शताब्दी के प्रथम चतुर्थांश) शिक्षण संस्थानों की कमी तो थी ही साथ–साथ जन सामान्य में बालिका शिक्षा के प्रति उदासीनता व्याप्त थी। "स्व0 श्री काशीनाथ अग्रवाल" घर–घर जाकर लोगों को बालिका शिक्षा के प्रति प्रेरित करते थे।

पथ निर्माता "स्व0 श्री काशीनाथ अग्रवाल" की बालिका शिक्षा को वरीयता देने की संकल्पना को साकार रूप देने के लिए महाविद्यालय का प्रबंध तंत्र सदैव प्रयत्नशील रहा है। जीरोरोड परिसर को पूर्णतः छात्राओं के लिए निर्धारित करने से "स्व0 श्री काशीनाथ अग्रवाल" की भावना का आदर हुआ।

इस परिसर में विश्वविद्यालय के स्नातक एवं परास्नातक स्तरीय पाठ्यक्रम के शिक्षण के साथ महाविद्यालय की ओर से सभी छात्राओं में कम्प्यूटर की कार्यपरक साक्षरता हेतु "कम्प्यूटर सेंटर" कार्यरत है।

यह उल्लेखनीय है कि 1970 में नगर में छात्राओं की उच्च शिक्षा को पूर्णतः समर्पित यह एक मात्र परिसर रहा है और आज जब इस प्रकृति की कई शिक्षण संस्थाओं की नगर में स्थापना हो चुकी है तब भी यह परिसर छात्राओं का उच्चतम वरीयता प्राप्त परिसर है। अब इस परिसर में चित्र कला, संगीत–गायन एवं वादन तथा उर्दू की परास्नातक पढ़ाई भी होती है।

## महाविद्यालय का मुख्य परिसर : कीडगंज



महाविद्यालय का मुख्य परिसर ऐतिहासिक 'मिन्टो पार्क' के सामने पवित्र यमुना के तट पर स्थित है। इस परिसर में छात्र–छात्राओं के लिए बी0 ए0, बी0 काम0, बी0एस–सी0, एम0 एस–सी0, एम0 ए0, एम0 काम0 की कक्षायें संचालित होती है। महाविद्यालय का यह परिसर तत्कालीन प्रबंधक, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, स्व0 श्री शम्भूनाथ अग्रवाल, एडवोकेट के अथक प्रयासो से खरीदा गया। महाविद्यालय के अन्य परिसरों की भांति कीडगंज परिसर किसी धनाढ्य परिवार, औद्योगिक घराने तथा राष्ट्रपारीय पूंजी का उपहार नहीं अपितु सामाजिक सरोकार को प्राथमिकता देने वाले लोगों के सम्मिलित प्रयास का प्रतिफल है। अतः यह एक उपयोगी सामाजिक निधि एवं धरोहर है। यह नियति ही रही कि जिस पृष्ठभूमि में महाविद्यालय की मूल संस्था : "अग्रवाल जातीय शिक्षा परिषद" की नीव पड़ी उसी के अनुरूप धरातल पर महाविद्यालय की इमारत भी बनी। महाविद्यालय की मूल संस्था : "अग्रवाल जातीय शिक्षा परिषद" की स्थापना करने वाले "स्व0 श्री काशीनाथ जी अग्रवाल" स्वयं अग्रणी स्वतंत्रता सेनानी थे। अंग्रेजो का कोपभाजन बनने के कारण उनके भाई को फांसी की सजा हुई और परिवार को इलाहाबाद छोड़ना पड़ा। नियति चक्र ऐसा बना कि आततायी कर्नल नील एवं उसकी सेना के 17 जून, 1857 को निकले गोला–बारूद द्वारा वीर पूर्वजों के खून से सराबोर कीडगंज क्षेत्र में महाविद्यालय का मुख्य परिसर बना और इसमें 1969 से शिक्षण कार्य आरम्भ हुआ। प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में देश के कई स्थान यथा बैरकपुर, बलिया, बनारस, मेरठ, दिल्ली, कानपुर आदि ईस्ट इंडिया कंपनी की सत्ता समाप्त करने की लड़ाई में बहुत आगे थे परन्तु इलाहाबाद के किले, किले में मौजूद गोला–बारूद और स्त्रातेजिक स्थिति को देखते हुए वायसराय लार्ड कैनिंग ने स्वयं इलाहाबाद में 01 नवम्बर, 1858 को साम्राज्ञी विक्टोरिया का घोषणा पत्र भारी जनसमूह के समक्ष पढ़कर सुनाया था और यह घोषणा पत्र महाविद्यालय के मुख्य परिसर के ठीक सामने मिंटो पार्क में पढ़ा गया था। परिसर में बी0 ए0, बी0 काम0, बी0 एस–सी0, एम0 ए0, एम0 काम0, एम0 एस–सी0 विषयो में शिक्षण व शोध की समस्त अवस्थापनागत सुविधायें उपलब्ध हैं।

## महाविद्यालय का विधि शिक्षा परिसर : बेनीगंज



"अग्रवाल जातीय शिक्षा परिषद", द्वारा सामाजिक सहयोग से महाविद्यालय के तत्कालीन प्रबंधक स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व0 श्री शम्भूनाथ अग्रवाल, एडवोकेट के अथक प्रयास से बेनीगंज में विधि शिक्षा के लिए एक बड़ा परिसर लिया गया।

विधि की शिक्षा में असीमित फलक हैं। यह रोजगार परक और समाजोपयोगी है। दूर अतीत से देश में विधि की शिक्षा के अवसर की कमी रही है। ब्रिटिश शासनकाल में तो विधि की शिक्षा के लिए बहुधा विदेशों की शरण में जाना एक भयानक हर्ष–विषाद था। इस पृष्ठभूमि में विधि कक्षाओं के लिए और भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए एक वृहद् मर्यादित स्वायत्त परिसर की परिकल्पना की गयी और बेनीगंज परिसर में विधि संकाय की कक्षाये आरंभ की गयी। परिसर में छात्र–छात्राओं के लिए एल0 एल0 बी0 एवं एल0 एल0 एम0 की कक्षाओं का संचालन होता है। महाविद्यालय के इस परिसर में विधि के प्रत्येक विषयों की मानक पाठ्य पुस्तकों, संदर्भ ग्रंथों, विधि साहित्य और विधि साहित्य से इतर क्लासिक प्रकाशनों से सुसज्जित, अधुनातन माध्यमों सहित पूर्णतः विधि संकाय के लिए समृद्ध पुस्तकालय है। पुस्तकालय में विभिन्न आयोगों, समितियों के प्रकाशन उपलब्ध हैं। शोध, जर्नल एवं स्तरीय पत्रिकाओं की समृद्ध श्रृंखला की पुस्तकालय में सुनिश्चित व्यवस्था है। महाविद्यालय के विधि संकाय का पुस्तकालय न केवल एल0 एल0 बी0 एवं एल0 एल0 एम0 की समस्त कक्षाओं के लिये ही नहीं अपितु उच्चतर अध्ययन तथा शोध कार्य करने वालों के लिए भी सहायक है।

विधि संकाय के वृहद परिसर का शान्तिपूर्ण परिवेश, अध्ययन–अध्यापन हेतु नैसर्गिक प्रोत्साहनात्मक वातावरण उत्पन्न करता है। परिसर ने राष्ट्र को अनेकों ख्यातिलब्ध विधि–विशेषज्ञ, अग्रणी लीगल प्रैक्टिसनर, प्रशासनिक अधिकारी, समाजसेवी एवं न्यायमूर्ति दिये हैं। परिसर में नियमित शिक्षण के साथ–साथ विधि से सम्बद्ध विषयों पर समय–समय पर विशेषज्ञों के विशेष व्याख्यान, परिचर्चायें और संगोष्ठियां आयोजित की जाती है जिनमें विद्यार्थियों की भागीदारी उनके व्यक्तित्व के बहुआयामीय निखार में सहायक बनती है। दुनिया के अन्य देशों के क्रम में भारत में भी 1991 से उदारीकरण और वैश्वीकरण की प्रक्रिया लागू की गयी। आर्थिक सुधारों की प्रक्रिया आरम्भ होने से विशेषकर विश्व व्यापार संगठन के 'सेवा व्यापार पर सामान्य समझौते' की प्रभाविता के कारण विधि की शिक्षा प्राप्त स्नातकों के लिए अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर अधिक अवसर खुल गये हैं। इस बदलाव से विधि शिक्षा प्राप्त छात्रों के लिए अब न्यायालय परिसरों के अतिरिक्त निजी क्षेत्र के प्रतिष्ठानों, बहुराष्ट्रीय निगमों और विदेशों में कार्य के नये अवसर उत्पन्न हो गये हैं। इस यथार्थ के परिप्रेक्ष्य में छात्रों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उपयोगी और प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए महाविद्यालय में सतत प्रयास किया जाता है और इसके लिए महाविद्यालय दृढ़ संकल्प है।

| इलाहाबाद विश्वविद्यालय का संचालित पाठ्यक्रम | | |
|---|---|---|
| मुख्य परिसर कीडगंज | बी.ए. / बी.कॉम. | छात्र एवं छात्रा |
| | बी.एस.सी. | छात्र एवं छात्रा |
| | एम.ए. / एम. कॉम./ एम.एस.सी. | छात्र एवं छात्रा |
| छात्रा शाखा जीरो रोड | बी.ए. / बी.कॉम. | छात्रा |
| | एम.ए. | छात्रा |
| विधि संकाय बेनीगंज | एल.एल.बी ./एल.एल.एम. | छात्र एवं छात्रा |
| तीनो संकायों के विभिन्न विषयों में शोध (पी.एच.डी.) | | |

### उपस्थिति एवं अनुशासन
### (Attendance and Discipline)

इलाहाबाद विश्वविद्यालय के नियमों के अनुरूप महाविद्यालय के नियमित छात्र-छात्राओं के लिए प्रत्येक विषय में व्याख्यान (लेक्चर्स) तथा प्रयोगात्मक कक्षाओं में अलग-अलग 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य है। **''75 प्रतिशत'' से कम उपस्थिति होने पर छात्र-छात्रा को परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति नहीं दी जायेगी। शासनादेशानुसार जिन छात्र-छात्राओं की उपस्थिति 75 प्रतिशत से कम होगी उनकी छात्रवृत्ति के आवेदन महाविद्यालय द्वारा अग्रसारित नहीं किये जायेंगे।**

महाविद्यालय में किसी भी छात्र-छात्रा द्वारा **''अभद्र व्यवहार''**, **परिसर में ''वैध परिचय पत्र न रखने''**, **''महाविद्यालय की सम्पत्ति को क्षति पहुँचाने''** या **''तोड़फोड़ करने''** आदि आचरण पर अनुशासनाधिकारी (प्राक्टर) द्वारा अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी। महाविद्यालय परिसर मे छात्र-छात्रा की **रैगिंग, परिचय** आदि के नाम पर **छात्र-छात्रा के साथ दुर्व्यवहार पूर्णतः** प्रतिबन्धित है। इसमें संलग्न छात्र-छात्रा के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

महाविद्यालय परिसर मे **धूम्रपान, पान, गुटखा, पान मसाला आदि का सेवन, पॉलीथीन बैग का प्रयोग, परिसर के पेड़-पौधों को तोड़ना या काटना पूर्णतः प्रतिबन्धित है।**

### सामर्थ्य एवं ज्ञान अभिवृद्धि कार्यक्रम
### (Capacity and Knowledge Enhancement Program)

महाविद्यालय में विद्यार्थियों की सामर्थ्य एवं ज्ञान अभिवृद्धि हेतु निम्नलिखित कार्यक्रम हैं :-

### उपचारी कार्यक्रम
### (Remedial Program)

इसके अन्तर्गत शैक्षिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों की समस्याओं के समाधान हेतु उपचारी कक्षाओं की व्यवस्था है। इसके माध्यम से प्रत्येक विषय के अध्यापक सप्ताह में एक दिन एक घण्टे समस्याओं के निदान हेतु उपलब्ध रहते हैं।

**अध्यापक-विद्यार्थी सम्बन्ध अभिवृद्धि**
**(Teacher-Student Relationship Enhancement)**

विद्यार्थियों को वास्तविक अर्थ में शिक्षित करना तभी संभव है जब विद्यार्थी और अध्यापक एक साथ बैठकर विद्यार्थियों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा करें। इसके लिए महाविद्यालय के प्रत्येक अध्यापक को कम से कम दस विद्यार्थी आवंटित कर दिये जाते हैं।

**निदेशन एवं परामर्श**
**(Guidance and Consultancy)**

वर्तमान तीव्रगामी शैक्षिक सामाजिक परिवर्तन एवं समायोजन की आवश्यकताओं के अनुरूप छात्र/छात्रायें अपनी जीवनवृत्ति, अध्ययन प्रवृत्ति, आदत, व्यक्तित्व एवं प्रतियोगी अभिवृत्ति के परिमार्जन, परिष्करण एवं स्वस्थ सामाजिक मूल्य-परक विकास हेतु मनोवैज्ञानिक एवं शैक्षिक मनोवैज्ञानिक सुविधा का लाभ इस महाविद्यालय में प्राप्त कर सकते हैं। इस कार्य हेतु महाविद्यालय के शैक्षिक एवं व्यवसायिक निदेशन एवं परामर्श केन्द्र पर प्रशिक्षित प्राध्यापकों का समूह सदैव तत्पर रहता है।

**व्यक्तित्व विकास**
**(Personality Development)**

विद्यार्थियों के सम्पूर्ण व्यक्तित्व के विकास के निमित्त उनकी कुशलता/योग्यता में अभिवृद्धि हेतु महाविद्यालय प्रयासरत है। इस उद्देश्य की पूर्ति, संवाद कौशल, प्रभावोत्पादकता तथा उत्सुकता एवं संवेदना के नियंत्रण के लिए महाविद्यालय में समय-समय पर कार्यशालाएँ आयोजित की जाती हैं।

**सांस्कृतिक क्रिया-कलाप**
**(Cultural Activities)**

विद्यार्थियों में अन्तर्निहित प्रतिभा को जागृत और विकसित करने में सांस्कृतिक क्रिया कलाप की अत्यन्त महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए महाविद्यालय में समय-समय पर विविध प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं। इसके अन्तर्गत **वाद-विवाद, निबन्ध लेखन, काव्यपाठ, अन्त्याक्षरी, लघु नाटिका मंचन, कहानी लेखन, चित्रकला, गायन, वादन एवं नृत्य प्रतियोगिताओं** का नियमित रूप से आयोजन किया जाता है। इनमें विजेता प्रतिभागियों के निमित्त प्रभावी पारितोषिक प्रदान करने की व्यवस्था है। समय-समय पर महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को विश्वविद्यालीय एवं अन्तर्महाविद्यालीय सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में सहभागिता के लिए चुनकर भेजा जाता है।

महाविद्यालय में समय-समय पर विभिन्न विषयों में राष्ट्र स्तरीय सुप्रतिष्ठित विद्वानों एवं विचारकों के विशेष व्याख्यानों का आयोजन पाठ्येतर क्रियाकलाप का एक नियमित कार्यक्रम है। महाविद्यालय समय-समय पर समाजोपयोगी विषयों पर राष्ट्रीय विचार-गोष्ठियां आयोजित करता है। इन कार्यक्रमों से शिक्षक समुदाय, विद्यार्थीगण एवं समाज लाभान्वित होता है।

**महाविद्यालय पत्रिका**
**(College Magazine)**

महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं की रचनात्मक प्रतिभा को विकसित करने तथा उनके मौलिक विचारो को प्रोत्साहित करने हेतु महाविद्यालय-पत्रिका **'अपराजिता'** का प्रकाशन प्रति वर्ष किया जाता है। इसमें छात्र-छात्राओ के साथ-साथ शिक्षको व अन्य विचारकों के उच्च स्तरीय लेखों/कहानियों/कविताओं आदि का प्रकाशन किया जाता है। छात्र-छात्राओ से अपेक्षा है कि वे इस पत्रिका में अपना सक्रिय योगदान करेंगे।

**पुस्तकालय**
**(Library)**

महाविद्यालय के तीनों परिसरो में वाचनालय एवं जनरेटर सुविधायुक्त पुस्तकालय है। महाविद्यालय का **केन्द्रीय पुस्तकालय** मुख्य परिसर में स्थित है। केन्द्रीय पुस्तकालय में पाठ्य-पुस्तकों के साथ-साथ संदर्भ पुस्तकें/ग्रन्थ, पत्रिकायें, शोध जर्नल, समाचार-पत्र आदि उपलब्ध हैं। यह पुस्तकालय कम्प्यूटरीकृत है। यह पुस्तकालय महाविद्यालय के अध्यापको, शिक्षणेत्तर कर्मियों व छात्र-छात्राओं के साथ-साथ नगर की अन्य संस्थाओं के शोधार्थियों व प्राध्यापको की आवश्यकताओं की पूर्ति भी करता है।

विद्यार्थी को निर्धारित समय के अन्दर फीस रसीद, प्रवेश पत्र तथा परिचय-पत्र पुस्तकालय अध्यक्ष के समक्ष प्रस्तुत कर अपना पुस्तकालय-पत्र (लाइब्रेरी कार्ड) बनवा लेना चाहिए। पुस्तकालय-पत्र पर छात्र / छात्रा एक बार में तीन पुस्तकें प्राप्त कर सकते हैं जिनको 10 दिन के अन्दर वापस करना आवश्यक है अन्यथा प्रति पुस्तक प्रतिदिन एक रुपया की दर से विलम्ब शुल्क का भुगतान करना होगा। वार्षिक परीक्षा के पूर्व सभी निर्गत पुस्तकें पुस्तकालय में जमा करना अनिवार्य है। अन्तिम वर्ष की परीक्षा के परिणाम घोषित होने के एक वर्ष के अन्दर सभी विद्यार्थियों को पुस्तकालय काशन मनी की वापसी हेतु आवेदन करना होगा।

**कम्प्यूटर शिक्षा**
**(Computer Education)**

महाविद्यालय में अध्ययनरत, छात्र-छात्रा को अपने मूल अध्ययन विषय के साथ, सूचना तकनीकी एवं सम्प्रेषण में ज्ञान और कौशल के अधिक सार्थक अर्जन एवं उपयोग हेतु कम्प्यूटर शिक्षा की सुविधा मात्र रू. 500/- (रू. पांच सौ मात्र) वार्षिक शुल्क मे उपलब्ध है। बी.ए./ बी.काम. के छात्रों की कक्षाये मुख्य परिसर में तथा छात्राओ की कक्षायें छात्रा शाखा (जीरो रोड परिसर) में संचालित की जाती है। कम्प्यूटर शिक्षा में छात्र / छात्राओं को कम्प्यूटर साक्षरता के साथ कम्प्यूटर एप्लीकेशन के पाठ्यक्रम में शिक्षण प्रशिक्षण की सुविधा उपलब्ध है । इसके लिए छात्र/छात्राओं को समन्वयक, कम्प्यूटर सेन्टर से सम्पर्क करना होगा ।

**क्रीड़ा**
**(Sports)**

महाविद्यालय में क्रीड़ा की उच्च-स्तरीय व्यवस्था है। इसके लिए मुख्य परिसर ( कीडगंज ) मे **200 मीटर 6-लेन रनिंग ट्रैक, ओलम्पिक स्तरीय लॉग जम्प पिट, डिस्कस थ्रो, शाट-पुट एवं जेवलिन थ्रो एरेना, बास्केटबॉल कोर्ट, वालीबाल कोर्ट, बैडमिंटन कोर्ट, नेट प्रैक्टिस हेतु क्रिकेट सीमेंटेड पिच, बॉक्सिंग एरेना तथा शतरंज, कैरम एवं ताइक्वान्डो प्रशिक्षण** की सुविधा उपलब्ध है। इनमे रुचि रखने वाले छात्र-छात्राओं को प्रतिमान तक पहुँचने तथा प्रतिमान स्थापित करने के लिये अनवरत प्रोत्साहित किया जाता है। महाविद्यालय में एक बहुउद्देश्यीय जिम्नेजियम

हाल में विभिन्न प्रकार के इन्डोर गेम्स की सुविधा है। महाविद्यालयीय, विश्वविद्यालयीय एवं अन्तर्विश्वविद्यालयीय तथा राष्ट्रीय स्तर की क्रीड़ा-प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं को महाविद्यालय की ओर से विशेष सुविधा प्रदान की जाती है। विभिन्न खेलो एवं प्रतियोगिताओ में नामांकन, प्रशिक्षण एवं प्रतिभाग हेतु समन्वयक, शारीरिक शिक्षा विभाग से सम्पर्क करना होगा।

**राष्ट्रीय सेवा योजना**
**(National Service Scheme)**

भारत सरकार का राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम छात्र-छात्राओं को सामूहिक जीवन एवं चुनौतीपूर्ण समाजोपयोगी कार्यों को सीखने के लिये एक प्लेटफार्म है। इसमें भागीदारी का प्रमाण-पत्र छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य निर्माण में अत्यन्त सहायक होता है। महाविद्यालय में भारत सरकार की ओर से राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस.) की इकाइयां कार्यरत हैं। सामान्य और विशेष शिविर कार्यक्रम में नियमित इच्छुक छात्र-छात्राएँ भाग ले सकते हैं। इसके लिए छात्र / छात्राओं को संयोजक / कार्यक्रम अधिकारी से सम्पर्क करना होगा।

**रोवर रेंजर फोर्स**
**(Rover-Rangers Force)**

सन् १९७६ में इलाहाबाद विश्वविद्यालय के तत्कालीन कुलपति श्री राम सहाय ने "रोवर रेंजर फोर्स" का गठन किया था। "भारत स्काउट्स एण्ड गाइड्स" मुख्यालय ने इलाहाबाद विश्वविद्यालय को जिला की प्रस्थिति (स्टेटस) प्रदान किया। महाविद्यालय के युवा वर्ग के व्यक्तित्व निर्माण, शारीरिक, मानसिक एवं संवेगात्मक परिपक्वता विकसित करने , स्वयं को स्वस्थ रखने, माघ मेला / अर्द्ध कुम्भ मेला / कुम्भ मेला में स्थानीय प्रशासन को सहयोग, प्राकृतिक आपदाओ में पीड़ितों को सेवा-सुश्रूषा में प्रशिक्षण प्राप्त करना तथा कार्य करना प्रमुख है। इलाहाबाद डिग्री कालेज के रोवर रेंजर फोर्स की सहभागिता इलाहाबाद विश्वविद्यालय जिला में सर्वाधिक है। अब तक 75 रोवर / रेंजर को महामहिम राष्ट्रपति, भारत सरकार द्वारा राष्ट्रपति रोवर रेंजर अलंकरण से सम्मानित किया गया है। *04* रोवर / रेंजर ने अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन (जम्बूरी) में भारत गणराज्य का प्रतिनिधित्व किया है। अद्यतन नौ रोवर रेंजर समागम में से पांच का आयोजन तथा आठ मे महाविद्यालय ने नेतृत्व किया है।

**इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, नई दिल्ली का 'अध्ययन केन्द्र'**
**(IGNOU Study Centre)**

महाविद्यालय के मानक शैक्षिक स्तर, अनुपूरक एवं अवस्थापनागत सुविधाओं का आंकलन करते हुए "इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय", नई दिल्ली ने "1987" में "नार्दन जोन" के तीसरे अध्ययन केन्द्र के रूप में मान्यता प्रदान की। इस केन्द पर एम.बी.ए, एम.काम., एम.टी.एम., एम.ए. रूरल डेवलपमेंट तथा इतिहास, हिन्दी, राजनीति विज्ञान, मनोविज्ञान, लोक प्रशासन, अर्थशास्त्र, समाजशास्त्र एवं अंग्रेजी विषयो से एम.ए.(परास्नातक), बी.ए., बी.काम. उपाधि की सुविधा पत्राचार एवं सम्पर्क माध्यम से उपलब्ध है।

महाविद्यालय के अध्ययन केन्द्र पर पी.जी.डिप्लोमा एवं डिप्लोमा यथा - पर्यावरण और सतत् विकास, ग्राम विकास, अंग्रेजी मे सृजनात्मक लेखन, प्रारम्भिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा, एच.आई.वी. और परिवार शिक्षा, पोषण और स्वास्थ्य शिक्षा, पंचायत स्तरीय प्रशासन और विकास, पर्यटन अध्ययन, महिला सशक्तीकरण और विकास जैसे नवाचारी विषयों में उपलब्ध है।

इसके अलावा निम्नांकित विषयो / क्षेत्रों में पी.जी.प्रमाण पत्र एवं प्रमाण पत्र यथा - आपदा प्रबन्धन, पर्यावरण अध्ययन, गैर-सरकारी संगठन प्रबन्धन, एच.आई.वी. और परिवार शिक्षा, समाजकार्य और आपराधिक न्याय प्रणाली, ग्राम विकास, जैविक कृषि, जल संचयन और प्रबंधन कुक्कुट पालन, प्राथमिक विद्यालय गणित शिक्षण, पर्यावरण में परिबोध जैसे पाठ्यक्रम में उपलब्ध है।

ध्यातव्य है कि "इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय" की उपाधियां / डिप्लोमा / प्रमाणपत्र भारतीय विश्वविद्यालय संघ के सभी सदस्य संस्थानों द्वारा मान्यता प्राप्त हैं और सभी भारतीय विश्वविद्यालयों / मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयों, संस्थानों की उपाधियों / डिप्लोमा / प्रमाणपत्रों के समतुल्य हैं।

महाविद्यालय के छात्र/छात्रायें अपने बी.ए./ बी.काम./ बी.एस.सी. में अध्ययन करते हुए इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय से डिप्लोमा / प्रमाणपत्र में प्रवेश प्राप्त कर उपाधि अर्जित कर सकते है। प्रत्येक वर्ष जुलाई एवं जनवरी से पाठ्यक्रम में प्रवेश और परीक्षा की सुविधा है। इसके लिए छात्र / छात्राओ को संयोजक , अध्ययन केन्द्र से सम्पर्क करना होगा।

### भारतीय भाषा केन्द्र
### (Centre for Indian Languages)

महाविद्यालय में अक्टूबर *1990* में उत्तर प्रदेश सरकार ने "भारतीय भाषा केन्द्र" खोलने की अनुमति दी जिसके फलस्वरूप **तमिल, मलयालम, तेलुगू, कन्नड़, उड़िया, बंगला, गुजराती, मराठी, असमिया, सिन्धी, पंजाबी, कश्मीरी तथा नेपाली** भाषाओं की डिप्लोमा स्तर की कक्षायें चल रही हैं। महाविद्यालय के छात्र / छात्रायें अध्ययन करते हुए भारतीय भाषा केन्द्र से किसी भी भाषा में डिप्लोमा अर्जित कर सकते हैं। यह सायंकालीन कक्षायें कीडगंज परिसर में होती हैं।

### आर्थिक सहायता एवं प्रोत्साहन
### (Financial Assistance and Incentives)

महाविद्यालय में आर्थिक सहायता एवं प्रोत्साहन प्रदान किया जाता है। इनमें आवेदन पत्र जमाकर अर्ह पाये जाने पर **शुल्क-मुक्ति** और **निर्धन छात्रों को सहायता प्रमुख है।** कुछ अत्यन्त मेधावी छात्रों को महाविद्यालय अपने संसाधनों से छात्रवृत्ति प्रदान करता है। विभिन्न विषयों में कीर्तिमान स्थापित करने वाले छात्रों को प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले समारोह में पदक एवं सम्मान पत्र से सम्मानित किया जाता है। इन विद्यार्थियों एवं प्रथम श्रेणी प्राप्त करने वाले अन्य सभी विद्यार्थियों को प्रोत्साहन राशि के रूप में आर्थिक पुरस्कार दिया जाता है। महाविद्यालय यह अपेक्षा करता है कि अधिक से अधिक विद्यार्थी इस सम्मान एवं सुविधा का लाभ उठायें। इसके लिये छात्र / छात्राओं को समन्वयक, छात्र कल्याण से सम्पर्क करना होगा।

### वाहन-स्टैण्ड
### (Vehicle Stand)

महाविद्यालय के जो छात्र-छात्राएं साइकिल, स्कूटर, बाइक इत्यादि लाते हैं, उनके लिये वाहन स्टैण्ड की व्यवस्था है। महाविद्यालय के निर्धारित शुल्क काउन्टर पर शुल्क जमा करके वाहन स्टैण्ड से नम्बर प्लेट प्राप्त कर लेनी चाहिए। यह नम्बर प्लेट वाहन में लगाना अनिवार्य है। **वाहन स्टैण्ड के अतिरिक्त परिसर में वाहन लाने अथवा खड़ा करने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी।**

**बैंकिंग सुविधा**
**(Banking Facility)**

महाविद्यालय के मुख्य परिसर में भारतीय स्टेट बैंक की शाखा स्थित है। इस बैंक के माध्यम से महाविद्यालय के तीनों परिसरों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के लिए बैंकिंग सुविधा उपलब्ध है।

**राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020**
**(National Education Policy 2020)**

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 शिक्षा के लिए एक परिवर्तनकारी दृष्टिकोण की कल्पना करती है, जिसका उद्देश्य भारतीय लोकाचार में गहराई से निहित एक प्रणाली बनाना है। इसका लक्ष्य एक जीवंत और न्यायसंगत ज्ञान समाज के रूप में भारत के सतत विकास में योगदान देना है, सभी को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करना और भारत को वैश्विक ज्ञान महाशक्ति के रूप में स्थापित करना है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पाँच प्रमुख स्तंभों पर आधारित है: **पहुँच, समानता, गुणवत्ता, वहनीयता और जवाबदेही।** इसका उद्देश्य युवाओं को विविध राष्ट्रीय और वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए आवश्यक कौशल और ज्ञान से सुसज्जित करना है।

उच्च शिक्षा के क्षेत्र में, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 बहु-विषयक और समग्र शिक्षा को अपनाने, संस्थागत स्वायत्तता को बढ़ावा देने, राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन की स्थापना के माध्यम से उच्च गुणवत्ता वाले अनुसंधान को बढ़ावा देने और शिक्षकों के लिए निरंतर व्यावसायिक विकास सुनिश्चित करने सहित महत्वपूर्ण सिफारिशें प्रदान करता है। अन्य प्रमुख पहलुओं में प्रौद्योगिकी का एकीकरण, शिक्षा का अंतर्राष्ट्रीयकरण, शासन और नियामक सुधार, बहु-विषयक पाठ्यक्रम, मिश्रित शिक्षण पद्धतियाँ, विश्वसनीय मूल्यांकन और भारतीय भाषाओं में सामग्री को बढ़ावा देना शामिल है।




इन समस्त उपलब्धियों का मूल आधार महाविद्यालय का ध्येय वाक्य "है"—

**'न हि ज्ञानेन सदृशं पवित्रमिह विद्यते'**

अर्थात् — 'ज्ञान के समान इस संसार में कुछ भी पवित्र नहीं है'।

## स्नातक/परास्नातक प्रवेश 2025

### महत्त्वपूर्ण सूचनाएं

1. यह सूचना पुस्तिका/विवरणिका अभ्यर्थियों के लिए सामान्य दिग्दर्शन मात्र है। प्रवेश परीक्षा तथा प्रवेश, इलाहाबाद विश्वविद्यालय अधिनियम 2005 के अन्तर्गत इलाहाबाद विश्वविद्यालय अध्यादेशों के खण्ड 29(2) के अन्तर्गत प्रवर्तित परिनियम, अध्यादेश और अधिनियम एवं तद्विषयक केन्द्रीय सरकार के निर्णयों से शासित है।

2. विभिन्न नियमित पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु सीट आरक्षण सम्बन्धी भारत सरकार के निर्देश, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के परिनियम, माननीय उच्चतम न्यायालय एवं माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद विश्वविद्यालय एवं संघटक महाविद्यालय के निर्णय अपरिहार्य रूप से अवश्य मान्य होंगे।

3. महाविद्यालय के किसी पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु स्वीकरण यह ध्वनित करता है कि अभ्यर्थी तथा उसके माता-पिता अथवा अभिभावकों को विवरणिका में निर्दिष्ट सभी प्रावधान मान्य हैं तथा उस पर नियम, विनिमय शुल्क, विशेष शर्तें आदि यथापरिवर्तित लागू होंगी।

4. सी.यू.ई.टी., पी.जी.ए.टी., एल.ए.टी.-2025 इलाहाबाद विश्वविद्यालय तथा इसके संघटक महाविद्यालयों (इलाहाबाद डिग्री कालेज सहित) के नियमित स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए अर्ह परीक्षा है। इसमें सफल अभ्यर्थी ही महाविद्यालय में प्रवेश के लिए अर्ह होंगे। रिक्त सीटों पर प्रवेश मेरिट के आधार पर होगा।

5. सी.यू.ई.टी., पी.जी.ए.टी., एल.ए.टी.-2025 की प्रवेश प्रक्रिया के लिए निर्धारित/अपेक्षित दस्तावेज, प्रवेश के समय प्रस्तुत करना अभ्यर्थी का उत्तरदायित्व होगा। इसे प्रस्तुत न किये जाने की दशा में प्रवेश हेतु उसका दावा स्वतः निरस्त हो जायेगा। अपेक्षित दस्तावेजों की सूचना इस पुस्तिका में उपलब्ध है तथा समय-समय पर प्रकाशित होने वाली सूचनाओं में भी इसका विवरण दिया जायेगा।

6. अभ्यर्थी को यह सलाह दी जाती है कि वे प्रवेश कार्य से सम्बन्धित प्रकाशित सूचनाओं की जानकारी समय-समय पर महाविद्यालय के समुचित माध्यमों से प्राप्त करते रहें। प्रकाशित सूचनाओं की जानकारी प्राप्त करना अभ्यर्थियों का उत्तरदायित्व है तथा महाविद्यालय इसके लिए कोई जिम्मेदारी नहीं लेगा।

7. **माननीय उच्चतम न्यायालय के आदेशानुसार इलाहाबाद विश्वविद्यालय एवं इसके संघटक महाविद्यालयों में रैगिंग पूर्णतया प्रतिबन्धित है। यह आदेश UGC के पत्र संख्या F1-8/2006 (CPP-II) दिनांक 4 मार्च, 2008 के संज्ञान में लाया गया है। रैगिंग की सूचना मिलने पर माननीय उच्चतम न्यायालय के आदेशों एवं कानून के अनुसार कड़ी दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी।**

8. प्रवेश सम्बन्धी विवाद केवल माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद के क्षेत्रान्तर्गत विचाराधीन होगा।

## संक्षिप्त प्रवेश नियम

1. सभी अर्ह अभ्यर्थियों के लिए, जो बी.ए./बी.एस-सी/बी.काम./ एल-एल.बी./एम.ए./एम.एस-सी/एम.काम./एल-एल.एम. पाठ्यक्रम के प्रथम वर्ष में प्रवेश लेना चाहते हैं, वांछित कक्षाओं की सी.यू.ई.टी., पी.जी.ए.टी., एल.ए.टी प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होना अनिवार्य है। सी.यु. ई. टी. अभ्यर्थी उपलब्ध न होने पर कक्षा 12 की प्राप्तांको की मेरिट के आधार पर प्रवेश होगा।
2. मानव संसाधन विकास मंत्रालय भारत सरकार, इलाहाबाद विश्वविद्यालय एवं माननीय न्यायालयों के निर्णयो के अनुरूप विभिन्न श्रेणी से सम्बन्धित अभ्यर्थियों को नियमानुसार प्रवेश में आरक्षण दिया जायेगा।
3. सामान्य (अनारक्षित संवर्ग), अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (**EWS**), अन्य पिछड़ा वर्ग तथा दिव्यांगता सहित सभी संवर्गों की अलग-अलग योग्यता क्रम सूची होगी।
4. आवेदकों को प्रवेश परीक्षा प्राप्तांक पर दिया गया अधिभार / अधिलाभ : अभ्यर्थियों को प्रवेश परीक्षा प्राप्तांक में उचित अधिभार / अधिलाभ तभी देय होगा जबकि उसने ऐसा दावा अपने आवेदन प्रपत्र में किया है।

   ऐसे अभ्यर्थी को अधोलिखित अधिभार / अधिलाभ में से केवल एक देय होगा।

   **(a)** एन. सी. सी. **"B"** प्रमाण पत्र धारक अभ्यर्थी को **5%** अधिलाभ तथा **"C"** प्रमाण पत्र धारक को **10%** अधिलाभ देय होगा।

   **(b)** कश्मीरी विस्थापितों को तत्सम्बन्धी प्रमाण-पत्र के आधार पर केन्द्रीय सरकार के वर्ष **2008** के प्रावधानो के अन्तर्गत अधिलाभ दिया जायेगा।
5. स्नातकोत्तर कक्षा में स्पोर्ट्स कोटा के अन्तर्गत प्रवेश हेतु केवल उन अभ्यर्थियों के आवेदन पर विचार किया जायेगा जिन्होंने इन्टर यूनिवर्सिटी चैम्पियनशिप में अपने विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया हो एवं जो एसोशियेशन ऑफ इन्डियन यूनिवर्सटीज, नई दिल्ली के नियमों के अन्तर्गत इन्टर यूनिवर्सिटी चैम्पियनशिप में प्रतिभाग करने के लिए अर्ह हो।
6. सी.यू.ई.टी.2025, एल.ए.टी.2025 एवं पी.जी.ए.टी.2025 की मेरिट लिस्ट प्राप्त होने पर बी.ए./बी.एस.सी./बी.काम./एल.एल.बी. / एम.ए./एम.एस.सी./एम.काम./एल.एल.एम. में प्रवेश हेतु काउन्सिलिंग एवं प्रवेश प्रारम्भ होगा, जिसकी सूचना केवल स्थानीय समाचार पत्रों में प्रकाशित की जायेगी। प्रवेश कार्यक्रमो की सम्पूर्ण जानकारी महाविद्यालय की वेबसाइट www.adc-au.in पर भी उपलब्ध होगी। परामर्श (काउन्सिलिंग) हेतु अलग से प्रत्येक विद्यार्थी को कोई सूचना व्यक्तिगत रूप से नहीं भेजी जायेगी, न ही व्यक्तिगत पूछताछ की सुविधा अनुमन्य होगी।
7. परामर्श (काउन्सिलिंग) का उद्देश्य अभ्यर्थियों को पाठ्यक्रम/विषय चयन में मेरिट के अनुसार उपलब्ध रिक्त स्थानो के आधार पर सहायता करना है।
8. अभ्यर्थियों को काउन्सलिंग हेतु निर्धारित स्थान पर विज्ञापित तिथि/समय पर (संवर्ग/मेरिट सूची/पाठ्यक्रम/रिक्त सीटो की उपलब्धता के आधार पर स्थानीय दैनिको में प्रकाशित समय सारणी के अनुसार) वांछित दस्तावेजों के साथ स्वयं उपस्थित नहीं होने पर उसी संवर्ग के वरीयता सूची में नियमानुसार अगले अभ्यर्थी को स्थान आवंटित कर दिया जाएगा और इस प्रकार अभ्यर्थी प्रवेश का अपना अवसर गवां देगा।
9. आरक्षित वर्ग के सभी अभ्यर्थियों का अधिकतम छः माह पूर्व तक का प्रमाण पत्र वैध माना जायेगा।
10. **महाविद्यालय के पास किसी भी अभ्यर्थी का प्रवेश आवेदन बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है।**

## प्रवेश के समय प्रस्तुत किये जाने वाले मूल प्रमाण पत्र एवं दस्तावेज

**(इनके बिना अभ्यर्थी के प्रवेश के दावे पर विचार नहीं किया जाएगा)**

(a) हाईस्कूल या समकक्ष परीक्षा की मूल अंकतालिका एवं प्रमाण पत्र तथा उनकी छायाप्रतियाँ।

(b) इण्टरमीडिएट या समकक्ष परीक्षा की मूल अंकतालिका एवं प्रमाण पत्र तथा उनकी छायाप्रतियाँ।

(c) स्नातक परीक्षा की मूल अंकतालिका एवं डिग्री तथा उनकी छायाप्रतियां।

(d) (अर्हकारी परीक्षा के नियमित छात्रों का मूल स्थानान्तरण प्रमाण पत्र (टी. सी.) सी.बी.एस.ई./आई.एस.सी. बोर्ड से उत्तीर्ण छात्र / छात्राओ का मूल माइग्रेशन तथा स्थानान्तरण प्रमाण पत्र (टी.सी.) तथा इलाहाबाद विश्वविद्यालय के अतिरिक्त अन्य वि.वि. से अर्हकारी परीक्षा उत्तीर्ण अभ्यर्थियो का मूल माइग्रेशन प्रमाण-पत्र एवं स्थानान्तरण प्रमाण पत्र (टी.सी.))।

(ii) अर्हकारी परीक्षा के व्यक्तिगत (प्राइवेट) अभ्यर्थियों को नोटरी पब्लिक/कमिश्नर द्वारा सत्यापित शपथ-पत्र।

(e) सी.ई.यू.टी. द्वारा निर्गत मूल प्रवेश पत्र और अंकपत्रिका, एल.ए.टी./पी.जी.ए.टी.-**2025** द्वारा निर्गत प्रवेश परीक्षा से छूट सम्बन्धी मूल-पत्र तथा इसकी छायाप्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

(f) अधिभार/अधिलाभ का दावा करने वाले अभ्यर्थियों को निम्नलिखित अतिरिक्त दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे :

(i) नियम **2(a), 2(b), 2(c)** से शासित अभ्यर्थी द्वारा, जिन्होंने अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति, ओ.बी.सी. संवर्ग में प्रवेश का दावा किया हैं, भारत सरकार द्वारा निर्गत जाति प्रमाण पत्र का मूल पत्र तथा छायाप्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

(ii) नियम **2(d)** से शासित अभ्यर्थियों को जिला चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सी. एम. ओ.) या इलाहाबाद के दिव्यांग केन्द्र द्वारा निर्गत शारीरिक (दृश्य, श्रव्य एवं अस्थि) अक्षमता प्रमाण पत्र की मूलप्रति तथा छायाप्रति तथा इलाहाबाद विश्वविद्यालय द्वारा गठित मेडिकल बोर्ड की संस्तुति ।

(iii) नियम **4(a)** से शासित अभ्यर्थियो को एन.सी.सी. **"B"** तथा **"C"** प्रमाण पत्र की मूल प्रति तथा छायाप्रति।

(iv) नियम **4(b)** से शासित अभ्यर्थियो को भारत सरकार द्वारा कश्मीर विस्थापितो को जारी प्रमाण पत्र की मूल प्रति तथा छायाप्रति, केन्द्रीय सरकार के प्रावधानों के अनुसार प्रवेश में कश्मीर विस्थापितों को लाभ दिया जायेगा।

(v) छात्र एवं पिता / अभिभावक के आधार कार्ड की मूल प्रति एवं छाया प्रतियाँ।

(vi) चरित्र प्रमाण पत्र की मूल प्रति।

## विधि स्नातक एवं परास्नातक प्रवेश परीक्षा 2025 – 26 की महत्त्वपूर्ण सूचनाएं

1. यह सूचना पुस्तिका/विवरणिका अभ्यर्थियों के लिए सामान्य दिग्दर्शन मात्र है। प्रवेश परीक्षा तथा प्रवेश, इलाहाबाद विश्वविद्यालय अधिनियम 2005 के अन्तर्गत इलाहाबाद विश्वविद्यालय अध्यादेशों के खण्ड 29(2) के अन्तर्गत प्रवर्तित परिनियम, अध्यादेश और अधिनियम एवं तद्विषयक केन्द्रीय सरकार के निर्णयों से शासित है।

2. विधि पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु सीट आरक्षण सम्बन्धी भारत सरकार व बार कौंसिल आफ इन्डिया के निर्देश, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के परिनियम, माननीय उच्चतम न्यायालय एवं माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद विश्वविद्यालय एवं संघटक महाविद्यालय के निर्णय अपरिहार्य रूप से अवश्य मान्य होंगे।

3. महाविद्यालय के किसी पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु स्वीकरण यह ध्वनित करता है कि अभ्यर्थी तथा उसके माता-पिता अथवा अभिभावकों को विवरणिका में निर्दिष्ट सभी प्रावधान मान्य हैं तथा उस पर नियम, विनिमय शुल्क, विशेष शर्तें आदि यथापरिवर्तित लागू होंगी।

4. विधि प्रवेश परीक्षा स्नातक तथा परास्नातक 2025-26 इलाहाबाद विश्वविद्यालय तथा इसके संघटक महाविद्यालयों (इलाहाबाद डिग्री कालेज सहित) के विधि पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए अर्ह परीक्षा है। इसमें सफल अभ्यर्थी ही महाविद्यालय में प्रवेश के लिए अर्ह होंगे।

5. विधि प्रवेश परीक्षा 2025-26 की प्रवेश प्रक्रिया के लिए निर्धारित/अपेक्षित दस्तावेज, प्रवेश के समय प्रस्तुत करना अभ्यर्थी का उत्तरदायित्व होगा। इसे प्रस्तुत न किये जाने की दशा में प्रवेश हेतु उसका दावा स्वतः निरस्त हो जायेगा। अपेक्षित दस्तावेजों की सूचना इस पुस्तिका में उपलब्ध है तथा समय-समय पर प्रकाशित होने वाली सूचनाओं में भी इसका विवरण दिया जायेगा।

6. अभ्यर्थी को यह सलाह दी जाती है कि वे प्रवेश कार्य से सम्बन्धित प्रकाशित सूचनाओं की जानकारी समय-समय पर महाविद्यालय के समुचित माध्यमों से प्राप्त करते रहें। प्रकाशित सूचनाओं की जानकारी प्राप्त करना अभ्यर्थियों का उत्तरदायित्व है तथा महाविद्यालय इसके लिए कोई जिम्मेदारी नहीं लेगा।

7. माननीय उच्चतम न्यायालय के आदेशानुसार इलाहाबाद विश्वविद्यालय एवं इसके संघटक महाविद्यालयों में रैगिंग पूर्णतया प्रतिबन्धित है। यह आदेश **UGC** के पत्र संख्या **F1-8/2006 (CPP-II)** दिनांक **4** मार्च, २००८ के संज्ञान में लाया गया है। रैगिंग की सूचना मिलने पर माननीय उच्चतम न्यायालय के आदेशों एवं कानून के अनुसार कड़ी दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी।

8. प्रवेश सम्बन्धी विवाद केवल माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद के क्षेत्रान्तर्गत विचाराधीन होगा।

## विधि विभाग में प्रवेश हेतु संक्षिप्त प्रवेश नियम

1. सभी अर्ह अभ्यर्थियों के लिए, जो विधि पाठ्यक्रम के प्रथम वर्ष में प्रवेश लेना चाहते हैं, विधि प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होना अनिवार्य है। साथ ही प्रवेश हेतु कला/वाणिज्य/विज्ञान/कृषि/मेडिकल संकाय की स्नातक परीक्षा में न्यूनतम **45%** (परन्तु अन्य पिछड़ी वर्ग हेतु न्यूनतम **42%** तथा अनुसूचित जाति/जनजाति के अभ्यर्थियों को न्यूनतम **40%**) प्राप्तांक के साथ उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

2. अनुसूचित जाति श्रेणी, अनुसूचित जनजाति श्रेणी तथा अन्य पिछड़ा वर्ग तथा आथिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS) से संबंधित अभ्यर्थियों को विषय-कोर्स में स्वीकृत स्थान में भारत सरकार, माननीय न्यायालय तथा इलाहाबाद विश्वविद्यालय के निर्देशो के अनुसार आरक्षण सुविधा का लाभ देते हुए प्रवेश दिया जायेगा।

3. सामान्य (अनारक्षित संवर्ग), अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (**EWS**) अन्य पिछड़ा वर्ग तथा दिव्यांग सहित सभी संवर्गों की अलग-अलग योग्यता क्रम सूची होगी।

4. आवेदकों को प्रवेश परीक्षा प्राप्तांक पर दिया गया अधिभार/अधिलाभ : अभ्यर्थियों को परीक्षा प्राप्तांक में उचित अधिभार/अधिलाभ तभी देय होगा जबकि उसने ऐसा दावा अपने आवेदन पत्र में किया हो। ऐसे अभ्यर्थी को अधोलिखित अधिभार/अधिलाभ में से केवल एक देय होगा।

   (a) एन. सी. सी. "**C**" प्रमाण पत्र धारक को **5%** अधिलाभ देय होगा।

   (b) कश्मीरी विस्थापितों को तत्सम्बन्धी प्रमाण-पत्र के आधार पर केन्द्रीय सरकार के वर्ष **2008** प्रावधानों के अन्तर्गत **10%** अधिलाभ दिया जायेगा।

5. महाविद्यालय की क्रीड़ा समिति की संस्तुति पर, **2%** विश्वविद्यालय के निर्धारित मानको के आधार पर, अन्तरविश्वविद्यालयी प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों को प्रवेश दिया जा सकता है। ऐसे अभ्यर्थियों का भी प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होना अनिवार्य है।

6. प्रवेश सम्बन्धी सूचना केवल स्थानीय समाचार पत्रों में प्रकाशित की जायेगी। प्रवेश कार्यक्रमों की सम्पूर्ण जानकारी महाविद्यालय की वेबसाइट www.adc-au.in पर भी उपलब्ध होगी। परामर्श (काउन्सिलिंग) हेतु अलग से प्रत्येक विद्यार्थी को कोई सूचना व्यक्तिगत रूप से नहीं भेजी जायेगी न ही व्यक्तिगत पूछताछ की सुविधा अनुमन्य होगी।

7. अभ्यर्थियों को काउन्सलिंग हेतु निर्धारित स्थान पर विज्ञापित तिथि/समय पर (संवर्ग/मेरिट सूची/पाठ्यक्रम/रिक्त सीटों की उपलब्धता के आधार पर स्थानीय दैनिकों व महाविद्यालय की वेबसाइट में प्रकाशित समय सारणी के अनुसार) वांछित दस्तावेजो के साथ स्वयं उपस्थित होना अनिवार्य है। स्वयं उपस्थित नहीं होने अथवा वांछित दस्तावेज नहीं होने पर उसी संवर्ग के वरीयता सूची में नियमानुसार अगले अभ्यर्थी को स्थान आवंटित कर दिया जाएगा और इस प्रकार अभ्यर्थी प्रवेश का अपना अवसर गवां देगा।

8. विधि परास्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेश बार कौंसिल आफ इन्डिया तथा इलाहाबाद विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित नियमों एवं परिनियमों के अनुसार किया जायेगा।

## प्रवेश के समय प्रस्तुत किये जाने वाले मूल प्रमाण पत्र एवं दस्तावेज

**(इनके बिना अभ्यर्थी के प्रवेश के दावे पर विचार नहीं किया जाएगा)**

(a) हाईस्कूल या समकक्ष परीक्षा की मूल अंकतालिका एवं प्रमाण पत्र तथा उनकी आवश्यक छायाप्रतियाँ।

(b) इण्टरमीडिएट या समकक्ष परीक्षा की मूल अंकतालिका एवं प्रमाण पत्र तथा उनकी स्वप्रमाणित छायाप्रतियाँ।

(c) स्नातक स्तर परीक्षा की मूल अंकतालिका एवं उनकी स्वप्रमाणित छायाप्रतियाँ।

(d) सभी शैक्षिक परीक्षा की मूल अंकतालिका एवं उनकी स्वप्रमाणित छायाप्रतियाँ।

(e) विश्वविद्यालय द्वारा निर्गत मूल प्रवेश पत्र, परीक्षा/समन्वयक एल.ए.टी.- **2025** एवं पी.जी.ए.टी. - **2025** द्वारा निर्गत प्रवेश परीक्षा से छूट सम्बन्धी मूल-पत्र तथा इसकी छायाप्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

(f) विधि परास्नातक में प्रवेश हेतु विधि स्नातक परीक्षा के अंक-पत्र की मूल एवं स्वप्रमाणित छाया प्रति।

(g) इलाहाबाद विश्वविद्यालय के अन्य कालेजों से स्नातक पास छात्र / छात्राओं को मूल स्थानान्तरण प्रमाण पत्र (टी. सी.) जमा करना अनिवार्य है। इलाहाबाद विश्वविद्यालय के अतिरिक्त अन्य विश्वविद्यालय से स्नातक पास छात्र / छात्राओं को मूल माइग्रेशन प्रमाण-पत्र व मूल स्थानान्तरण प्रमाण पत्र (टी. सी.) जमा करना अनिवार्य है।

(h) छात्र एवं पिता / अभिभावक के आधार कार्ड की मूल एवं स्वप्रमाणित छायाप्रति।

(I) अधिभार/अधिलाभ का दावा करने वाले अभ्यर्थियों को निम्नलिखित अतिरिक्त दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे :

(i) यदि अभ्यर्थी ने शासित प्रपत्र में अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति, ओ.बी.सी. संवर्ग में प्रवेश का दावा किया है तब भारत सरकार द्वारा निर्गत जाति प्रमाण पत्र का मूल पत्र तथा छायाप्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

(ii) नियम **2(d)** से शासित अभ्यर्थियों को जिला चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सी. एम. ओ.) द्वारा निर्गत शारीरिक (दृश्य, श्रव्य एवं अस्थि) अक्षमता प्रमाण पत्र की मूलप्रति तथा छायाप्रति।

